Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to take steps to make better living conditions of Safai Karamcharis in the country.

श्रीमती क्वीन ओझा (गौहाटी) : अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत ही संवेदनशील विषय के बारे में बोलना चाहती हूं। हम सभी को मालूम है कि समाज में रहने वाले सभी लोगों को समान अधिकार मिलना चाहिए। विशेषकर, हमारे समाज में जो हमारे सफाई कर्मचारी हैं, उनकी वजह से हम सभी के शहर साफ-सुथरे रहते हैं। उनका कोविड में जो रोल था, वह बहुत ही अच्छा था। उनके प्रति हमारी जिम्मेदारी भी बनती है। मैंने गुवाहाटी में देखा है कि जो हमारे सफाई कर्मचारी हैं, उनकी प्रतिदिन की आजीविका और जो उनके घर हैं, वे अभी तक सही से नहीं बने हैं। वहां पर जो स्कूल्स हैं, अभी वे भी प्रॉपरली नहीं बने हैं।

महोदय, इसीलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से यह विनती करना चाहती हूं कि वे लोग जिस परिवेश में रहते हैं, उसको सुधारा जाए। उन्हें अच्छी तरह से घर बनाकर दिया जाए और वहां पर जो स्कूल्स हैं, वे काफी खराब हालत में हैं। मैं आपसे यह अनुरोध करती हूं कि सरकार सफाई कर्मचारियों की आजीविका को पूरी तरह से ठीक करे। वे नगर, शहर, गांव और सभी जगहों पर सही तरीके से साफ-सफाई करके हमें सही तरीके से रहने में अपना सहयोग प्रदान करते हैं।